# ललितपुर में फार्मा पार्क के लिए 25 करोड़ रुपये स्वीकृत

- सब स्टेशन व ट्रांसमिशन लाइन के साथ होंगे मार्ग चौड़ीकरण के कार्य

लखनऊ। बुंदेलखंड के ललितपुर में बल्क ड्रग फार्मा पार्क विकसित करने के लिए औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने 25 करोड़ स्वीकृत कर दिए हैं। जल्द धनराशि जारी करने के निर्देश दिए हैं। इससे फार्मा पार्क के पहले चरण को विकसित करने के लिए सब स्टेशन व ट्रांसमिशन लाइन के साथ पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का काम कराया जाएगा।



मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी

नंदी ने कहा कि ललितपुर को प्रदेश में फार्मा इंडस्ट्री का हब बनाने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बल्क ड्रग फार्मा पार्क की घोषणा की थी। ललितपुर के पांच गांवों की 1,472 एकड़ जमीन पर पार्क बनना है। इसे दो चरणों में विकसित किया जाएगा। 25 करोड़ रुपये में से 7.50 करोड़ रुपये से पावर कॉर्पोरेशन द्वारा सब स्टेशन और ट्रांसमिशन का काम कराया जाएगा। 17.37 करोड़ रुपये से लोक निर्माण विभाग द्वारा पहुंच मार्ग के चौड़ीकरण का काम होगा। वहीं, उप्र राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीसीडा) को डिटेल्ड मास्टर प्लान व प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं। ललितपुर में ड्रग पार्क के लिए मडावरा तहसील के सैदपुर में 426 व गडोलीकलां में 249 एकड़, महरौनी तहसील के लरगन में 239, करौंदा में 116 एकड़ व रामपुर में 441 एकड़ भूमि चिह्नित की गई है। यूपीसीडा द्वारा यहां सर्वे में डिजिटल टोटल स्टेशन, डीजीपीएस, ड्रोन आदि का उपयोग कर मानचित्र तैयार कराया जा रहा है। ब्यूरो